PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Sunday 4th May 2014, Page: 10
Width: 8.00 cms, Height: 9.05 cms, a4, Ref: pmin.2014-05-04.37.92

फाइजर का 106 अरब डालर में एस्ट्राजेनेका के अधिग्रहण का प्रस्ताव भी खारिज

नई दिल्ली, 3 मई (भाषा)। अमेरिकी औषधि कंपनी फाइजर का एस्ट्राजेनेका के अधिग्रहण का प्रस्ताव खारिज हो गया है। कंपनी ने इस सौदे के लिए 106 अरब डालर की बढ़ी हुई बोली लगाई थी। यह तीसरा मौका है जब एस्ट्राजेनेका के अधिग्रहण का उसका प्रयास खारिज हुआ है। यह तीसरा मौका है जब एस्ट्राजेनेका ने फाइजर की पेशकश ठुकराई है। एक सप्ताह से भी कम समय में यह दूसरा मौका था जब फाइजर ने एस्ट्राजेनेका के अधिग्रहण की कोशिश की थी। कोलेस्ट्रोल दवा लिपिटोर और वियाग्रा बनाने वाली न्यूयार्क की कंपनी ने पूर्व में 100 अरब डालर की बोली लगाई थी। इस बार उसने अपनी बोली पेशकश बढ़ाकर 106 अरब डालर कर दिया, लेकिन एस्ट्राजेनेका ने इसे भी खारिज कर दिया।

कंपनी ने बयान में कहा कि फाइजर ने बड़े शेयरधारकों से सलाह के बाद एस्ट्राजेनेका के अधिग्रहण के लिए लिखित संशोधित पेशकश की। लंदन की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कहा कि प्रस्ताव में उल्लेखित वित्तीय और अन्य शर्तें अपर्याप्त हैं और कंपनी के मूल्य को कम आंका गया है। इससे पहले, फाइजर ने पांच जनवरी और 26 अप्रैल को 100 अरब डालर में कंपनी के अधिग्रहण का प्रस्ताव किया था। एस्ट्राजेनेका के उत्पादों में कैंसर, उपापचयी, कार्डियोवैसकुलर और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल की दवाएं शामिल हैं।

M&A

895

5